**Regarding request for expeditious completion of ITI in Phulpur Parliamentary Constituency-laid**

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** मैं, माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान आई०टी०आई० संचालन की माँग की ओर आकर्षित करना चाहूँगा । फूलपुर लोकसभा के अन्तर्गत सोरॉव विधानसभा एक महत्वपूर्ण विधानसभा है । इस विधानसभा में ग्राम गधिना में राजकीय प्रशिक्षण संस्थान (आई०टी०आई०) निर्माणाधीन है । इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग हजारों युवाओं को यदि आईटीआई का प्रशिक्षण लेना होता है तो वह लगभग 40 किलोमीटर दूर प्रयागराज नैनी में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश लेना होता है । यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत बच्चे किसान परिवार से आते हैं एवं ज्यादातर बच्चे गरीब वह निर्धन ही होते हैं । जिस कारण लगभग 40 से 50 किलोमीटर दूर शहर में जाकर आईटीआई का प्रशिक्षण लेने में उनको असमर्थता होती है । यदि इन स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षन लेने की सुविधा मिल जाए तो उनके लिए बहुत ही अच्छा होगा । मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस आई०टी०आई० संस्थान को पूर्ण कराकर शीघ्र संचालित कराया जाए ।